**प्रेस विज्ञप्ति**

**मुख्यालय पुलिस महानिदेशक,**
**उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।**
**दिनांक 22—04—2017**

## श्री सुलखान सिंह द्वारा पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश का पदभार ग्रहण किया गया ।

आज दिनांक 22—04—2015 को प्रातः 10:00 बजे श्री सुलखान सिंह द्वारा पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश का पदभार ग्रहण किया गया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कहा कि उ0प्र0 पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि उनको कार्य करने की पूरी आजादी मिलेगी और उनके हितों का पूरा ख्याल रखा जायेगा। प्रदेश के नागरिकों को भी आश्वस्त करना चाहता हूँ कि उ0प्र0 पुलिस निष्पक्षता एवं एकरूपता से तथा उनके सम्मान एवं अधिकारों का ध्यान रखते हुए कार्यवाही करेगी। उ0प्र0 पुलिस अपने कार्य एवं आचरण से लोगों को यह एहसास कराये कि पुलिस उनकी सहायता के लिये इस कार्य में हमेशा तत्पर है। किसी भी आपराधिक मामलों में किसी को भी कोई छूट या ढिलाई नहीं दी जायेगी । मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं के आधार पर कार्यवाही की जायेगी। महिलाओं की सुरक्षा की जायेगी।

श्री सुलखान सिंह का जन्म 08—09—1957 को जनपद बांदा में हुआ। आप बी0ई0, पीजी डिप्लोमा तथा एल0एल0बी0 करने के पश्चात् वर्ष 1980 बैच में भारतीय पुलिस सेवा में चयनित हुए। एसवीपी एनपीए हैदराबाद व पीटीसी—प्रथम मुरादाबाद में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत सहायक पुलिस अधीक्षक, प्रशिक्षणाधीन, लखनऊ एवं सहायक पुलिस अधीक्षक वाराणसी, पुलिस अधीक्षक एसीओ लखनऊ, अपर पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़, पुलिस अधीक्षक नगर आगरा व मेरठ, पुलिस अधीक्षक रेलवेज, मुरादाबाद, पुलिस अधीक्षक रामपुर, सेनानायक 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ, पुलिस अधीक्षक पीलीभीत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर, सेनानायक चतुर्थ वाहिनी पीएसी इलाहाबाद, पुलिस अधीक्षक पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इलाहाबाद, पुलिस अधीक्षक एसीओ लखनऊ, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आगरा, पुलिस अधीक्षक, सीबीसीआईडी मुख्यालय लखनऊ, सेनानायक, 15वीं वाहिनी पीएसी, आगरा में नियुक्त रहे।

आप दिनांक 08—04—1997 को पुलिस उपमहानिरीक्षक के पद पर प्रोन्नत होकर पुलिस उपमहानिरीक्षक एसीओ लखनऊ, पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र मीरजापुर, पुलिस उपमहानिरीक्षक डीजीपी मुख्यालय, पुलिस उपमहानिरीक्षक इलाहाबाद परिक्षेत्र, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवेज लखनऊ, पुलिस उपमहानिरीक्षक/विशेष सचिव, गृह विभाग, पुलिस उपमहानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र के पदों पर नियुक्त रहे।

दिनांक 06—11—2001 को पुलिस महानिरीक्षक के पद पर प्रोन्नत होकर पुलिस महानिरीक्षक सीबीसीआईडी, लखनऊ, पुलिस महानिरीक्षक, तकनीकी सेवाएं, पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ जोन, पुलिस महानिरीक्षक तकनीकी सेवाएं, पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय

लखनऊ, पुलिस महानिरीक्षक टेलीकॉम, पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय, पुलिस महानिरीक्षक कारागार एवं प्रशासन, लखनऊ के पदों पर नियुक्त रहे ।

दिनांक 16–01–2010 को अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर प्रोन्नत होकर अपर पुलिस महानिदेशक कारागार एवं प्रशासन, लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण मुख्यालय, लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक, पीएचक्यू इलाहाबाद, अपर पुलिस महानिदेशक, पीटीएस उन्नाव, के पदों पर नियुक्त रहें हैं और वहीं पर दिनांक 04–03–2014 को पुलिस महानिदेशक के पद पर प्रोन्नत हुए एवं पुलिस महानिदेशक पीटीएस उन्नाव, पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ में कार्यरत रहे। आज दिनांक 22–04–2017 को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पद पर नियुक्त हुए।

आपको सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस मेडल एवं विशिष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति का पुलिस मेडल मिला हैं।